◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

BIHAR | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 22 नवम्बर 2026

अपराध

अररिया के फारबिसगंज में 32 वर्षीय मनीष कुमार झा 13 नवंबर से लापता



फारबिसगंज प्रखंड के कटहारा, वार्ड-10 निवासी 32 वर्षीय मनीष कुमार झा 13 नवंबर 2026 को छठ पूजा के लिये घर लौटे थे और तब से लापता हैं।

उनके पिता श्री मनोज झा पश्चिम बंगाल स्थित Sakambari Power Ispat Ltd. में डिस्पैच मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। लापता होने के बाद से परिवार लगातार उनकी खोज में लगा है।

मनीष कुमार झा के साथ अंतिम बातचीत बांकुड़ा रेलवे स्टेशन पर हुई थी। उसके बाद उनका मोबाइल लगातार बंद आ रहा है और कोई भी सूचना उपलब्ध नहीं हो पाई है।

उनकी पत्नी अन्नू कुमारी और नन्हा बेटा रौनक उनके सुरक्षित लौटने की आशा में हैं। परिवार ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को कोई जानकारी मिले तो तुरंत नीचे दिए गये मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें।

पत्नी का मोबाइल: 8602815864, घर का मोबाइल: 8873747538। नीड२४ समाचार इस जनहित अपील को प्रसारित कर रहा है और लोगों से अनुरोध करता है कि इस खबर को अधिक से अधिक साझा कर मनीष कुमार झा को शीघ्र खोजने में मदद करें।

— Kanhaiya Kumar Jha

अररिया के फारबिसगंज में 30 वर्षीय मनीष कुमार झा लापता, परिवार ने जनहित अपील की

बिहार के अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के कटहारा, वार्ड संख्या 10 के निवासी लगभग 30 वर्षीय मनीष कुमार झा 13 नवंबर 2026 को छठ पूजा के लिये घर निकले थे और तब से उनका पता नहीं चल रहा है। मनीष कुमार झा पश्चिम बंगाल स्थित साकम्बरी पावर इस्पात लिमिटेड में प्रेषण प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उनकी अंतिम

— Kanhaiya Kumar Jha

सुलतानगंज में जयसवाल समिति अजगैबीनाथधाम के बैनर तले बलभद्र पूजन समारोह का आयोजन

जयसवाल समिति अजगैविनाथ धाम के बैनर तले भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती समारोह सह भगवान बलभद्र पूजन समारोह का आयोजन सुलतानगंज से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट भागलपुर सुल्तानगंज जयसवाल समिति अजगैविनाथ धाम के बैनर तले भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती समारोह सह भगवान बलभद्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया/इस क

— Awanish Kumar

धर्म

जिलाधिकारी ने किया गोरखनाथ धाम के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण कार्य समय पर पूरा करने का दिया निर्देश



बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा किया जा रहा है सौंदर्यीकरण के तहत निर्माण का कार्य

कटिहार,21 नवंबर 2026

आज दिनांक 21.11.2026 को जिला पदाधिकारी, कटिहार श्री आशुतोष द्विवेदी ने शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गोरखनाथ धाम में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में चल रहे मुख्य प्रवेश द्वार, परिक्रमा पथ, श्रद्धालुओं के लिए शेड, पेयजल, शौचालय, लाइटिंग, पार्किंग व्यवस्था एवं तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान दिए गए प्रमुख निर्देश:

1. गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं:

जिलाधिकारी ने कार्यकारी एजेंसी के अभियंता एवं संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ किए जाएं। सामग्री की जांच के बाद ही कार्य कराया जाए।

2. समय पर कार्य पूरा करें:

सौंदर्यीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अंदर हर हाल में पूरा किया जाए ताकि आने वाले मकर संक्रांति एवं महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।

3. श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि:

मंदिर परिसर में दिव्यांग एवं बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए रैंप, बैठने की व्यवस्था एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

4. पर्यावरण एवं सौंदर्य:

परिसर में पौधारोपण, फूलों की क्यारियां एवं आकर्षक लाइटिंग लगाने का भी निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि गोरखनाथ धाम कटिहार की आस्था एवं सांस्कृतिक पहचान है। इसके सौंदर्यीकरण से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त डॉ नेहा कुमारी ,अपर समाहर्ता कटिहार, अनुमंडल पदाधिकारी, कटिहार सदर, बारसोई,विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, विभिन्न कार्य एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता गण, मंदिर समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

— Raju Choudhary

अपराध

छठ समान खरीदने गई महिला का शव बरामद



पूर्वी चम्पारण से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

छठ का सामान खरीदने बाजार गई महिला का पांच दिन बाद सरेह से मिला सड़ा-गला शव, एक हाथ कटा होने से इलाके में सनसनी। मोतिहारी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। छठ महापर्व का सामान खरीदने बाजार गई महिला का पांच दिन बाद सरेह से सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। मृतका की पहचान रीता देवी के रूप में हुई है। शव की हालत देखकर इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि महिला बाजार जाने के बाद अचानक लापता हो गई थी। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन पांच दिन बाद उसका शव बरामद हुआ। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि महिला का एक हाथ कटा हुआ मिला है, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। परिजनों ने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी और उन्हें कठोर सजा दिलाने की मांग की है। वहीं, पुलिस शव बरामद होने के बाद मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस हत्या के कारणों और घटना में शामिल लोगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल पूरे मामले में पुलिस जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

— Awanish Kumar

सरकारी योजना

वैशाली से प्रधानमंत्री ने कटिहार की कई विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ, विकास भवन में हुआ सीधा प्रसारण



कटिहार। आज दिनांक 21 नवंबर 2026

भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का बिहार के वैशाली जिले में आगमन हुआ। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के कर-कमलों द्वारा बिहार के चतुर्दिक विकास हेतु विभिन्न मेगा परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं शुभारंभ किया गया।

इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में कटिहार जिले की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को भी सम्मिलित किया गया। इसके अंतर्गत जिले के बरारी, फलका, कोढ़ा, कटिहार एवं आजमनगर प्रखंड मुख्यालयों में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य के साथ-साथ विद्युत विभाग की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 25 सितंबर 2025 से 25 सितंबर 2026 की अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत आवास निर्माण पुर्ण कर चुके लाभान्वित लाभुकों में से दस लाभुकों को पूर्ण आवास की चाबी भी सौंपी गई।

इस मुख्य कार्यक्रम का सीधा (लाइव) प्रसारण अपराह्न लगभग 2:00 बजे से कटिहार स्थित विकास भवन के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।

विकास भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्री आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक श्री परिचय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री सूरज कुमार, कटिहार नगर निगम की महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार सहित जिले के अन्य सभी वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

— Raju Choudhary

स्थानीय

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 55लोगो को के चेहरे पर लौटी मुस्कान



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

ऑपरेशन मुस्कान से 85 लोगों के चेहरे पर लौटी खुशी, 25 लाख के मोबाइल बरामद; एसएसपी सुशील कुमार ने मालिकों को सौंपे स्मार्टफोन

गया पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से ट्रेस कर बरामद किए 85 मोबाइल, पितृपक्ष मेले में मोबाइल चोरों के बड़े गिरोह को भी पकड़ा था; नेपाल-बांग्लादेश तक भेजे जा रहे चोरी के फोन

गया। किसी का मोबाइल बाजार की भीड़ में गुम हो गया था तो किसी का सफर के दौरान चोरी हो गया था। मोबाइल खोने के बाद लोगों ने उसके वापस मिलने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, लेकिन गया पुलिस के ऑपरेशन मुस्कान ने एक बार फिर लोगों के चेहरों पर खुशी लौटा दी। पुलिस ने तकनीकी जांच और अलग-अलग थाना क्षेत्रों की मदद से करीब 85 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन सभी मोबाइल की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। शनिवार को गया जी शहर स्थित एसएसपी कार्यालय में एसएसपी सुशील कुमार ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। इसके बाद प्रेस वार्ता कर पूरे अभियान की जानकारी दी।

एसएसपी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत गया पुलिस लगातार चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद कर रही है। इसी अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से करीब 85 स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में पुलिस की तकनीकी टीम और संबंधित थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मोबाइल फोन को तकनीकी माध्यम से ट्रेस करने के बाद उनकी पहचान और वास्तविक मालिकों का सत्यापन किया गया। इसके बाद सभी मोबाइल उनके असली धारकों को वापस सौंपे गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी गया पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद कर लोगों को वापस कर चुकी है।

मोबाइल चोरी होते ही थाने में दें सूचना, CEIR पोर्टल पर भी करें शिकायत

तहत गया पुलिस लगातार चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद कर रही है। इसी अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से करीब 85 स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में पुलिस की तकनीकी टीम और संबंधित थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मोबाइल फोन को तकनीकी माध्यम से ट्रेस करने के बाद उनकी पहचान और वास्तविक मालिकों का सत्यापन किया गया। इसके बाद सभी मोबाइल उनके असली धारकों को वापस सौंपे गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी गया पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद कर लोगों को वापस कर चुकी है।

मोबाइल चोरी होते ही थाने में दें सूचना, CEIR पोर्टल पर भी करें शिकायत

एसएसपी सुशील कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाता है या चोरी हो जाता है तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाने में दें। जरूरत के अनुसार प्राथमिकी भी दर्ज कराएं। इसके साथ ही भारत सरकार के सीईआईआर (CEIR) पोर्टल पर अपने मोबाइल का विवरण और IMEI नंबर दर्ज कराएं। इससे चोरी या गुम हुए मोबाइल को ट्रेस करने में पुलिस को काफी मदद मिलती है।

उन्होंने बताया कि जब चोरी हुआ मोबाइल किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल किया जाता है और उसमें नया सिम कार्ड डाला जाता है तो सिस्टम के माध्यम से इसकी जानकारी सामने आ सकती है। इसकी सूचना मोबाइल के वास्तविक उपभोक्ता और संबंधित जिले की पुलिस की तकनीकी टीम तक पहुंच सकती है। इसके बाद पुलिस मोबाइल के इस्तेमाल से जुड़े तकनीकी सुराग के आधार पर उसे ट्रेस करने और बरामद करने की कार्रवाई करती है। इसलिए मोबाइल गुम होने के बाद शिकायत दर्ज कराने में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

भीड़ में मोबाइल उड़ाने वाले गिरोह पर पुलिस की नजर

एसएसपी ने कहा कि मोबाइल फोन समेत अपने निजी सामान की सुरक्षा को लेकर लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। अक्सर बाजार, धार्मिक आयोजन, रेलवे स्टेशन और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों के मोबाइल गिर जाते हैं या चोरी हो जाते हैं। ऐसे में मोबाइल को सुरक्षित रखना और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेले के दौरान गया पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया था। यह गिरोह भीड़ का फायदा उठाकर केवल मोबाइल फोन चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार, अब मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह भी तकनीकी निगरानी से बचने के तरीके अपना रहे हैं। भारत में चोरी के मोबाइल का इस्तेमाल करने पर ट्रेस होने और पुलिस तक पहुंचने का खतरा रहता है। ऐसे में चोरी के मोबाइल के पार्ट्स निकालकर बेचने या उन्हें नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में भेजने की बातें भी सामने आई हैं। पुलिस इस तरह के नेटवर्क पर नजर रख रही है।

गिरोह की जानकारी दें, गोपनीय रखी जाएगी पहचान

एसएसपी ने आम लोगों से अपील की कि यदि किसी को मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह या संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती है तो पुलिस को इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस ऐसी सूचनाओं के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य केवल खोए और चोरी हुए मोबाइल बरामद कर लोगों को लौटाना नहीं है, बल्कि मोबाइल चोरी करने वाले संगठित गिरोहों पर भी कार्रवाई करना है। पुलिस की इस पहल से उन लोगों को राहत मिल रही है, जिनका मोबाइल किसी कारणवश खो गया था या चोरी हो गया था। 85 मोबाइल की बरामदगी इसी अभियान की एक बड़ी उपलब्धि है।

— Awanish Kumar

प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटित किया 'नीतीश सेतु', गंगा पर 6 लेन पुल से उत्तर-दक्षिण बिहार की कनेक्टिविटी मजबूत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गंगा नदी पर बने छह लेन के 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन कर इसे देश को समर्पित किया। यह पुल पटना जिले के कच्ची दरगाह को वैशाली जिले के बिदुपुर से जोड़ता है और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर रखा गया है।

मुख्य पुल 9.76 किलोमीटर लंबा है और पहुंच पथों के साथ कुल परियोजना की लंबाई 19.76 किलोमीटर है। इस पर लगभग 4,280 करोड़ रुपये का खर्च हुआ है। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर कच्ची दरगाह से राष्ट्रीय राजमार्ग-322 के बिदुपुर क्षेत्र तक संपर्क उपलब्ध कराता है।

नीतीश सेतु के चालू होने से पटना और उत्तर बिहार के बीच आवागमन को नया विकल्प मिलेगा, जिससे महात्मा गांधी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होगा। राघोपुर दियारा के लोगों को भी पटना और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचने में सुविधा होगी, साथ ही व्यापार और कृषि उत्पादों के परिवहन में भी लाभ होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने निशांत कुमार से मिलकर गले मिलते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित हुईं, जिससे चर्चा का विषय बना।

— Deepak Kumar, पटना

स्थानीय

नवादा में बैंक, सीएसपी और स्वर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिये पुलिस ने रात में पैदल गश्ती और दिन में बाइक पेट्रोलिंग का निर्णय लिया



नवादा के पकरीबरावां थाना परिसर में शनिवार को एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी की अध्यक्षता में बैंक शाखाओं, सीएसपी केंद्रों और स्वर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर चर्चा के लिये एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बैंककर्मी, स्वर्ण व्यवसायी और सीएसपी संचालक उपस्थित थे। एसडीपीओ ने सभी प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे और अलार्म लगाने तथा आपातकालीन संपर्क नंबर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया।

व्यवसायियों ने रात के समय पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग रखी। इसके जवाब में एसडीपीओ ने आश्वासन दिया कि अब रात में पुलिस बल पैदल गश्ती करेगा, जबकि दिन के समय दो पुलिस जवान बाइक से बाजार और आसपास के क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग करेंगे।

इस पहल का उद्देश्य बैंक, सीएसपी केंद्रों और स्वर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मजबूत करना तथा चोरी और लूट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

बैठक में पकरीबरावां थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

— Ramlakhan Kumar

बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने अमर शहीद मनीष चंद्रवंशी को श्रद्धांजलि अर्पित की, नवाड़ा में पुष्प अर्पण



बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को नवाड़ा प्रवास के दौरान पाण्डेय गंगौट में अमर शहीद मनीष चंद्रवंशी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने शहीद के अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान को नमन किया तथा कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता।

डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी बताया कि अमर शहीद मनीष चंद्रवंशी का त्याग, समर्पण और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा शहीदों का सम्मान करना और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

इस दौरान अमित कुमार चंद्रवंशी, लवकुश कुमार चंद्रवंशी, मनोज कुमार चंद्रवंशी, रणविजय चंद्रवंशी, गणेश चंद्रवंशी सहित चंद्रवंशी समाज के गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने शहीद मनीष चंद्रवंशी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया।

— Ramlakhan Kumar

स्थानीय

समरदह में हैप्पी फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन, खानपान में नया विकल्प



20 नवंबर को समरदह शहरकोला में हनुमान मंदिर के पास स्थित हैप्पी फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन हुआ, जिससे क्षेत्र में खानपान की सुविधा बढ़ी।

रेस्टोरेंट में चाउमीन, बर्गर, मोमोज, रोल और बिरयानी सहित विभिन्न व्यंजन उपलब्ध हैं, साथ ही कुल्हड़ चाय भी परोसी जाती है।

संचालक प्रो. करण बाबू ने बताया कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भोजन की व्यवस्था की गई है और होम डिलीवरी तथा जन्मदिन और अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए भी भोजन की सुविधा उपलब्ध है।

इस तरह के नए प्रतिष्ठान की शुरुआत से समरदह के निवासियों को खानपान का एक और विकल्प मिला है, जो क्षेत्रीय खाद्य परिदृश्य में विविधता जोड़ता है।

— Amit Kumar

स्थानीय

प्रधानमंत्री मोदी ने वैशाली में नीतीश सेतु का लोकार्पण, गोपालगंज में 560 लाभुयों को मिले पक्के घर की चाबियाँ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वैशाली में नई निर्मित नीतीश सेतु का भव्य लोकार्पण किया। इस सेतु का उद्घाटन क्षेत्रीय यातायात को सुगम बनाने और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

पक्के घर की चाबियाँ सौंपी गईं। यह वितरण राज्य सरकार के आवास योजना के अंतर्गत किया गया, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को स्थायी आवास उपलब्ध हो सके।

लाभुयों ने नई चाबियों को प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त की और सरकार के इस कदम की सराहना की। इस पहल से न केवल रहने की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि सामाजिक स्थिरता और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

— News report

स्थानीय

भाई की शादी का कार्ड बाँटते लौटते युवक की NH-27 पर अज्ञात वाहन से टक्कर में मौत



गोपालगंज, बिहार – बहन की शादी का कार्ड वितरित कर लौटते 25 वर्षीय युवक को राष्ट्रीय राजमार्ग NH-27 पर अज्ञात वाहन से टक्कर मारने के बाद गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही मृत्यु हो गई।

घटना शाम के समय हुई, जब युवक अपने घर से निकल कर कार्ड वितरित कर रहा था। रिपोर्टों के अनुसार, वह उत्तर दिशा में चल रहा था जब अचानक सामने से तेज गति से चल रहा अज्ञात वाहन उसकी ओर आया और टक्कर मार दी।

स्थानीय पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल युवक को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, परन्तु उसकी हालत बिगड़ गई और वह शवस्थली में पहुंचा। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और टक्कर में शामिल वाहन के मालिक की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण जारी किया है।

पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के नियमों के उल्लंघन की भी जांच कर रही है। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे रात के समय तेज गति से वाहन न चलाएँ और ट्रैफ़िक नियमों का पालन करें।

— News report

स्थानीय

नवादा में हरदिया डैम पर 10 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट का प्रधानमंत्री द्वारा रिमोट उद्घाटन



नवादा जिले के हरदिया डैम पर 30 एकड़ में स्थापित 10 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट का 21 नवंबर 2026 को वैशाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा रिमोट उद्घाटन किया जाएगा।

शुक्रवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने फुलवरिया जलाशय में प्लांट का निरीक्षण किया, अधिकारियों के साथ तैयारियों और संचालन व्यवस्था पर चर्चा की।

साथ ही नवादा में 2×10 एमवीए क्षमता वाले पांच विद्युत शक्ति उपकेंद्र – फरेदा, खराट मोड़, मझगांव, खानपुर और बस्तीबीघा – का भी उद्घाटन होगा, जिन पर कुल 48.70 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

इन परियोजनाओं से जिले की बिजली आपूर्ति क्षमता बढ़ेगी और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे नवादा को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

— Ramlakhan Kumar

गोपालगंज में 230 पुराने तालाबों का नया साल में जीर्णोद्धार, विद्युत पंप से जल स्तर स्थिर



गोपालगंज में नए साल में 230 पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

इस कार्य के तहत प्रत्येक तालाब में पानी का स्तर बनाए रखने हेतु विद्युत चालित पंप स्थापित किए जाएंगे।

यह पहल स्थानीय प्रशासन द्वारा जल संसाधनों के संरक्षण के लिए उठाया गया कदम है।

— News report

राजनीति

लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और रोहिणी आचार्य ने गोपालगंज के थावे दुर्गा मंदिर में दर्शन किया



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को अपनी पत्नी राबड़ी देवी तथा पुत्री रोहिणी आचार्य के साथ गोपालगंज स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ थावे दुर्गा मंदिर का भ्रमण किया।

थावे दुर्गा मंदिर को स्थानीय लोग आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र मानते हैं और यह क्षेत्र में श्रद्धा एवं सांस्कृतिक महत्त्व का प्रतीक है। इस यात्रा में परिवार के सभी सदस्य एक साथ उपस्थित रहे और मंदिर के प्रमुख पुजारी द्वारा उन्हें अभिषेक व प्रसाद प्रदान किया गया।

यात्रा के दौरान लालू प्रसाद यादव ने मंदिर के प्रांगण में शांति एवं एकता का संदेश दिया तथा स्थानीय जनता के साथ विनम्रता से संवाद किया। यह दौरा उनके व्यक्तिगत धार्मिक आस्था तथा परिवार के साथ सामंजस्य को दर्शाता है।

— News report

स्थानीय

रायपुर में सड़क दुर्घटना में नवादा के 29 वर्षीय राजेश कुमार की मौत, परिवार में शोक की लहर



नवादा जिले के मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के झुनाठी गांव निवासी 29 वर्षीय राजेश कुमार का शनिवार को रायपुर में सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया। उनका शव गांव पहुंचते ही परिजनों ने शोक व्यक्त किया और माहौल गमगीन हो गया।

राजेश कुमार ट्रक चालक थे और अपने परिवार का मुख्य कमाऊ थे। उनकी असमय मृत्यु से उनकी पत्नी और तीन छोटे बच्चों को बिना आय के छोड़ दिया गया, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई।

परिवार के प्रमुख कमाऊ की इस अचानक मृत्यु से बच्चों के भविष्य और परिवार के भरण-पोषण पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

बिहार ड्राइवर संगठन के नवादा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार यादव ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उचित मुआवजा एवं हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, और परिजनों ने राजेश कुमार को अंतिम दर्शन के दौरान रो-रोकर बुरा हाल जताया।

— Ramlakhan Kumar

विदाई, सम्मान समारोह में नम हुईं सबकी आंखें



योगापट्टी। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवकटोला विश्रामपुर में शनिवार को शिक्षिका मीना कुमारी के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं सहकर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की।

समारोह के दौरान विद्यालय का माहौल भावुक हो गया। सहकर्मियों ने मीना कुमारी के साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा करते हुए उनके सरल स्वभाव, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक बेचू पासवान ने शिक्षिका मीना कुमारी को अंगवस्त्र, बैग एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मीना कुमारी ने अपने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का दायित्व केवल बच्चों को पढ़ाना ही नहीं, बल्कि उन्हें संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। मीना कुमारी ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। इस अवसर पर मीना कुमारी ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां बिताए गए पल और सहकर्मियों का सहयोग हमेशा उनकी यादों में रहेगा। उनके सरल व्यवहार, सहयोग की भावना और शिक्षा के प्रति समर्पण को विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा। समारोह के अंत में सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने उनके सुखद, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मीना कुमारी के कार्यकाल की सराहना की। शिक्षकों ने कहा कि नौकरी के दौरान सहकर्मियों के बीच एक आत्मीय रिश्ता बन जाता है, जो हमेशा बना रहता है।

विदाई एक औपचारिक प्रक्रिया जरूर है, लेकिन अपनों से बिछड़ने का एहसास सभी को भावुक कर देता है। इस अवसर पर शिक्षिका को उपहार भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में प्रधान शिक्षक अशोक प्रसाद, ध्रुव बैठा, सुबोध कुमार पटेल, मनीष कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, बैजनाथ राम, मेघा कुमारी सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का समापन आपसी प्रेम, सम्मान और भावुक यादों के साथ हुआ।

— Amit kumar

अफरोज मासूम ने अररिया में स्कॉर्पियो दुर्घटना में दिखाया अदम्य साहस और मानवता



अररिया जिले के बीड़ी पुल के पास एक स्कॉर्पियो वाहन का टक्कर से उलटने पर गंभीर सड़क दुर्घटना हुई। डिजिटल प्रेस क्लब अररिया के सदस्य अफरोज मासूम ने बिना किसी हिचकिचाहट के जल में कूदकर फंसे यात्रियों को बचाने का साहसिक कदम उठाया।

जब अधिकांश लोग दुर्घटना के दृश्य को मोबाइल से रिकॉर्ड करने में लगे होते हैं, अफरोज जी ने पत्रकारिता के कर्तव्य से आगे बढ़कर मानवता को प्राथमिकता दी। उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए जल में प्रवेश किया और फंसे लोगों को बाहर निकालने का पूरा प्रयास किया।

इस कार्य के बाद डिजिटल प्रेस क्लब के सभी सदस्य ने अफरोज मासूम को सम्मानित किया और उनके साहस को सराहा। उन्होंने कहा कि उनका कार्य पत्रकार बिरादरी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देता है।

अफरोज जी ने बताया कि वे उन लोगों की जान नहीं बचा पाने पर खेद व्यक्त करते हैं, पर क्लब के साथियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनका साहस और मानवता स्वयं में ही बड़ी उपलब्धि है। क्लब ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं सम्मान दिया।

— Kanhaiya Kumar Jha

दोनवार पंचायत में तैयार हो रही जैविक खाद, किसानों को 150 रुपये में मिलेगा 50 किलो



योगापट्टी। प्रखंड की दोनवार पंचायत के डब्ल्यूपीए केंद्र में जैविक खाद तैयार की जा रही है। इस खाद को किसानों के लिए मात्र 150 रुपये में 50 किलो की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। पंचायत की इस पहल से क्षेत्र के किसानों को कम कीमत पर जैविक खाद मिलेगी और जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

उद्देश्य घरों और आसपास से निकलने वाले जैविक कचरे का बेहतर उपयोग करना है। इससे कचरे का सही तरीके से निस्तारण होने के साथ उपयोगी खाद भी तैयार हो रही है। किसान इस खाद का इस्तेमाल खेतों में कर सकते हैं। जैविक खाद मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता बनाए रखने में सहायक होती है। इस पहल से खेती में जैविक संसाधनों के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। इस कार्य में स्वच्छता पर्यवेक्षक संजीत कुमार राजक के साथ जयकरण सिंह, हीरालाल कुमार, गणेश बैठा, सतीश राम और सुनील बैठा सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इनके सहयोग से जैविक खाद तैयार कर किसानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। पंचायत के सभी 13 वार्डों के किसानों से अपील की गई है कि दोनवार, शिवराजपुर पिपरपाती, शिवराजपुर, सिकटा खुर्द सहित पंचायत के अन्य गांवों के किसान अपने नजदीकी डब्ल्यूपीए केंद्र पर पहुंचकर जैविक खाद प्राप्त करें। मात्र 150 रुपये में 50 किलो खाद उपलब्ध कराए जाने से किसानों को आर्थिक रूप से काफी राहत मिलेगी। पंचायत की इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जैविक खेती को बढ़ावा देना है। इस योजना के माध्यम से कचरे का बेहतर प्रबंधन करने के साथ-साथ जैविक खाद तैयार कर किसानों तक पहुंचाई जा रही है। पंचायत की ओर से स्थानीय किसानों से अपील की गई है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

— Amit kumar

स्थानीय

अररिया के सदर अस्पताल की ममता दीदियों के वेतन में देरी, नगर परिषद ने शीघ्र भुगतान का आश्वासन



आज सदर अस्पताल, अररिया में कार्यरत ममता दीदियों से मुलाकात कर उनके वेतन में देरी की समस्या को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने बताया कि जनवरी माह से उनका वेतन लंबित है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मुद्दे को तुरंत संज्ञान में लेते हुए रिपोर्टर ने नगर परिषद के रोगी कल्याण समिति के सदस्य तथा वार्ड नंबर 12 के माननीय पार्षद प्रभाष कर्ण से इस विषय पर विस्तृत वार्ता की।

वार्ता के दौरान सभी ममता दीदियों को आश्वासन दिया गया कि प्रशासन और संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर उनका लंबित वेतन जल्द से जल्द भुगतान करवाया जाएगा।

जनसेवा और अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए नगर परिषद हमेशा तत्पर रहेगी, यह वचन दिया गया।

— Kanhaiya Kumar Jha

भैंस चोरी की घटना: खमगड़ा गाँव में पुलिस को शीघ्र सूचना



आज शाम अररिया प्रखंड के खमगड़ा गाँव में पिताजी के मामाजी, आदरणीय दादाजी श्री कालीकांत झा के आवास पर पहुँचे रिपोर्टर ने बीती रात हुई भैंस चोरी की घटना की विधिवत जानकारी ली।

इस दौरान थानाध्यक्ष ताराबाड़ी से बात कर चोरी की घटना का शीघ्र उद्भेदन और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई का अनुरोध किया।

उपस्थित रिश्तेदारों में आदरणीय चाचा श्री नागेंद्र झा, मामा श्री प्रशान्त झा, चाचा श्री सागरनाथ झा, मामा पंडित श्री बच्चा झा और अन्य प्रियजन शामिल थे।

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

अररिया के कुर्साकांटा थान में 122 किलोग्राम गांजा और 5 तस्कर गिरफ्तार, तस्करी नेटवर्क का खुलासा



कुर्साकांटा थान के प्रमुख रोहित कुमार के नेतृत्व में अररिया जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिये एक बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 122 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया और पाँच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान मिली गांजा की मात्रा और गिरफ्तार तस्करों की संख्या से यह स्पष्ट हुआ कि यह तस्करी जाल कई महीनों से सक्रिय था। तस्करों ने इस पदार्थ को विभिन्न मार्गों से राज्य के भीतर और बाहर ले जाने की योजना बनाई थी।

पुलिस ने तस्करों के बंधन में लाए गए सामान और दस्तावेजों से तस्करी के स्रोत और वितरण के मार्गों की पहचान की। आगे की जांच में और अधिक सहयोगियों और आपराधिक कृत्यों का पता चलने की संभावना है। गिरफ्तार तस्करों को संबंधित कानूनों के तहत दायर किया गया है और न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

I



मांझी-बरौली पथ पर रफ्तार का कहर, स्कॉर्पियो की टक्कर से हवा में उछला ट्रक चालक, दर्दनाक मौत!

बैंक के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहे ट्रक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक उछलकर दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो

— Amit kumar

स्थानीय

नवादा में 12 वर्षीय लापता बच्चे की सुरक्षित बरामदगी, परिवार में खुशी की लहर



नवादा शहर के एक परिवार के 12 वर्षीय बच्चे को 17 नवंबर 2026 की शाम लगभग 7 बजे घर से निकला, पर देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार ने खोजबीन की परंतु कोई सुराग नहीं मिला।

पिता संजीव कुमार ने नगर थाना में आवेदन देकर 18 नवंबर 2026 को कांड संख्या 1236/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच एसआई शैलेश कुमार को सौंपी गई।

तीन दिन बाद, 20 नवंबर 2026 को रात करीब 2 बजे गया रेलवे स्टेशन पर बच्चा सुरक्षित पाया गया। परिजनों ने तुरंत स्टेशन पहुँचकर बच्चे को घर ले आए।

बच्चे के घर लौटते ही परिवार में खुशी का माहौल छा गया और परिजनों ने राहत की सांस ली।

— Ramlakhan Kumar

कृषि

अरवल डीएम अमृषा बैंस की अध्यक्षता में कृषि एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक हुई।



अरवल डीएम अमृषा बैंस की अध्यक्षता में कृषि एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें 27 एवं 28 नवंबर को कृषि भवन अरवल में कृषि मेला आयोजित करने की जानकारी दी गई। डीएम ने अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण तथा बंद पड़े ट्यूबवेलों की शीघ्र मरम्मत कर चालू कराने का निर्देश दिया।

— Kumar Raushan